# वार्षिक कार्य योजना पर विमर्श

प्रतिनिधि, सुपौल

समाहरणालय स्थित टीसीपी भवन में जीविका के वार्षिक कार्य योजना 2014-15 के बाबत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यशाला में सभी प्रखंड के प्रखंड परियोजना प्रबंधकों द्वारा वार्षिक कार्य योजना प्रस्तुत की गयी. प्रस्तुत कार्य योजना की समीक्षा जिला परियोजना प्रबंधक मनीष कुमार एवं परियोजना प्रबंधक मनोज कुमार ने की. इसके अलावा रोजगार, जीविकोपार्जन, प्रशिक्षण, वित्त और सामाजिक विकास से संबंधित जिला प्रबंधकों द्वारा भी कार्य योजना प्रस्तुत की गयी. मौके पर प्रबंधक नील कमल चौधरी, अमित कुमार, प्रेम शंकर, मो सुलेमान, ललित, अरविंद, कैलाश विकल आदि उपस्थित थे. कार्यशाला का समापन मनीष कुमार द्वारा किया गया.



योजना की समीक्षा करते अधिकारी.


कार्यशाला में जुटे अतिथि व अधिकारी.